माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2061 / 13 / परीक्षा / MSU / 2022–23 दिनांकः 01.12.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय –शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रवेशित छात्रों को मेजर / माइनर, स्किल डेवलपमेन्ट आदि विषयों के चयन में आ रही विसंगतियों एवं परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों के परीक्षा परिणाम एवं शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रवेशित छात्रों के विषय चयन में कतिपय विसंगतियां प्रकाश में आई है जिस कारण परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने में कठिनाई हो रही है। कुलपति महोदय के निर्देशानुसार उपर्युक्त विषय एवं परीक्षा फार्म त्रुटिरहित भराया जाना सुनिश्चित करने के हेतु विचारार्थ एक बैठक दिनांक –05 दिसम्बर, 2022 को अपराह्न 01:00 बजे जे0वी0 जैन कॉलेज, सहारनपुर के कलांगन सभागार में आहुत की गई है।

कृपया बैठक में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण किसी भिज्ञ शिक्षक / कर्मचारी / सहयोगी के साथ सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। तथा उक्त बैठक में प्रतिभाग करने हेतु दिनांक –04 दिसम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण करना भी सुनिश्चित करें।

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSenDYdEsohftNKTL-Z9Ze_WrVT68vqF0F_0jzuISkuM6I5Cgg/viewform?usp=sf_link

भवदीय

ह0

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्रवेश समन्वयक / सहायक प्रवेश समन्वयक।
02. परीक्षा समन्वयक।
03. प्राचार्य, जे0वी0 जैन कॉलेज, सहारनपुर।
04. सहायक कुलसचिव।
05. मै0 अथर्वा सिस्कॉम प्रा0 लि0, नई दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त बैठक में निर्धारित तिथि समय पर समस्त सम्बन्धित तैयारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
06. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव